प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

जगत प्रकाश

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि अब वर्ष 2017 से पहले के उपचारात्मक दृष्टिकोण के बजाय निवारक, पुनर्वास और वृद्धावस्था स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने पटना में स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में संस्थागत प्रसव बढ़कर 93 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के कारण हर वर्ष 2 करोड़ बच्चे और लगभग डेढ़ करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

संजौली–मस्जिद

शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद में हुए अवैध निर्माण मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। शिमला में कल मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और अधिकारियों को शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी समुदायों के बीच शांति बनाए रखने के लिए कानून के तहत इस मामले पर आगे की कार्रवाई करेगी।

भांग–खेती

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रदेश में भांग की खेती को वैध करने के लिए कल विधानसभा में नियम 102 के तहत सरकारी संकल्प प्रस्तुत किया जो सर्व सम्मति से पारित हो गया। भांग की खेती को औषधीय और औद्योगिक रुप में अपनाने का सरकार ने निर्णय लिया जिससे प्रदेश के लोगों के आय के साधन बढ़ने के साथ ही सरकार को सालाना लगभग पांच सौ करोड़ रुपए आय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि एन.डी.पी.एस. एक्ट में भांग की खेती पर राज्यों को वैध करने का अधिकार दिया गया है और अब उत्तराखंड, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में भी एसओपी बनाकर भांग की खेती की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में इससे नशे को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति ना हो इसके लिए भी कड़े प्रावधान करने होंगे।

इस बीच प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र एक दिन बढ़ा दिया गया है और अब यह सत्र अब 10 सितंबर तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल सत्ता पक्ष और विपक्ष की सहमति के बाद मॉनसून सत्र को एक दिन और बढ़ाने की घोषणा की।

गणेश चतुर्थी

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। 10 दिन तक चलने वाले उत्सव के दौरान बप्पा की पूजा करते हैं और अंतिम दिन प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य में मॉनसून की रफ्तार धीमी हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान शिमला, सिरमौर, सोलन, मंडी व बिलासपुर जिलों में कुछ स्थानों में भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य भागों में भी हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से-----

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला व आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है—रेगुलर भर्ती प्रक्रिया जारी, जरूरत पड़ने पर आउटसोर्स पर रखेंगे टीमेट—लाईनमैन। पंजाब केसरी व हिमाचल दस्तक का एक जैसा शीर्षक है—मैं जिद्दी नहीं, मेरे स्वभाव में ही जुनूनीपन—हर निर्णय सोच—समझकर लेता हूं।

हिमाचल दस्तक ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से लिखा है—अब मेरी भूमिका आक्रामक—बोले सीएम सुक्खू को कंट्रोल करने चाहिए मंत्री।

हिमाचल में दो जजों के चयन की प्रक्रिया रद्द—कॉलेजियम के फैसले पर पहली बार दखल देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक—दिव्य हिमाचल की एक ख़बर है।

दैनिक भास्कर का कहना है—संजौली मस्जिद मामले की आज होगी निगम के कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई। दैनिक जागरण लिखता है— हिमाचल में सभी धर्मों का सम्मान शांति बनाए रखें—अब नज़रें आयुक्त कोर्ट पर।

अमर उजाला व आपका फैसला ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल के हवाले से सुर्खी दी है—परिवार में एक ही महिला को मिलेगी एक हजार पांच सौ रुपये की सम्मान राशि।

मौसम पर पंजाब केसरी ने सचित्र सुर्खी दी है—आज 5 जिलों में फ्लैश फ्लड और भारी बारिश का यैलो अलर्ट। दैनिक भास्कर का शीर्षक है—40 सड़कें बंद, आज 5 जिलों में भारी बारिश, फिर एक सप्ताह साफ रहेगा मौसम।

——————————